भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †3433
सोमवार, 16 दिसम्बर, 2024/25 अग्रहायण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

ओडिशा के कोरापुट में पर्यटन स्थल

†3433. श्री बलभद्र माझीः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए ओडिशा राज्य में चिन्हित किए गए पर्यटन स्थलों की संख्या का ब्यौरा क्या है, और

(ख) अविभाजित कोरापुट (अब कोरापुट, रायगढ़, मलकानगिरी, नबरंगपुर जिलों) में उपरोक्त पर्यटन स्थलों में से कितने स्थल हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ख): विभिन्न पर्यटन गंतव्यों का विकास एवं संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों द्वारा किया जाता है। हालांकि पर्यटन मंत्रालय स्वदेश दर्शन और तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आधात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) नामक अपनी योजना के तहत विभिन्न पर्यटक स्थलों/गंतव्यों पर पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। यह वित्तीय सहायता संबंधित योजना के दिशा-निर्देशों के अनुरूप तैयार की गई परियोजना प्रस्तावों की प्राप्ति पर निधियों की उपलब्धता आदि के अध्यधीन प्रदान की जाती है।

पर्यटन मंत्रालय ने स्थायी और जिम्मेदारीयुक्त पर्यटन गंतव्यों के विकास के उद्देश्य से स्वदेश दर्शन योजना को अब स्वदेश दर्शन 2.0 के तौर पर नया रूप दिया है और ओडिशा में 'कोरापुट' तथा 'खिंडा गांव के विशेष आकर्षण सहित डिब्रिगढ़' को शॉर्टलिस्ट किया है। इसके अतिरिक्त, मंत्रालय ने प्रशाद योजना के तहत ओडिशा में 'चौसठ योगिनी मंदिर' (बलांगीर जिला) और 'मां किचकेश्वरी मंदिर' (मयूरभांज जिला) को भी चिह्नित किया है।

पूंजीगत निवेश के लिए राज्यों की विशेष सहायता योजना 2024-25 के तहत राज्य सरकारों से परियोजना प्रस्तावों की प्राप्ति पर सरकार ने ओडिशा राज्य में 99.90 करोड़ रु. की

‘हीराकुंड का विकास’ और 99.99 करोड़ रु. की ‘सतकोसिया का विकास’ नामक 2 परियोजनाओं सहित हाल ही में देश में 40 परियोजनाओं को स्वीकृति दी है।

पर्यटन मंत्रालय वेबसाइट, सोशल मीडिया पर प्रचार, कार्यक्रम आदि जैसे विभिन्न माध्यमों द्वारा घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाज़ारों में ओडिशा सहित देश के विभिन्न पर्यटक गंतव्यों और उत्पादों का संवर्धन करता है।

स्वदेश दर्शन, प्रशाद और एसएएससीआई योजनाओं के तहत ओडिशा में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

****

अनुबंध

श्री बलभद्र माझी द्वारा ओडिशा के कोरापुट में पर्यटन स्थल के संबंध में दिनांक 16.12.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †3433 के भाग (क) से (ख) के उत्तर में **विवरण**

ओडिशा राज्य में स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजना का विवरण निम्नानुसार है:-

परिपथ/स्वीकृति वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)
तटीय परिपथ 2016-17	**गोपालपुर, बड़कुल, सतपाड़ा और तंपारा का विकास**	**70.82**

ओडिशा राज्य में प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजना का विवरण निम्नानुसार है:-

स्वीकृति वर्ष	परियोजना का नाम	अनुमोदित लागत (करोड़ रु. में)
2014-15	पुरी में अवसंरचना का विकास	50.00

ओडिशा राज्य में एसएएससीआई योजना के तहत स्वीकृत परियोजना का विवरण निम्नानुसार है:-

क्र. सं.	परियोजना का नाम	लागत (करोड़ रु. में)	स्वीकृति वर्ष
1.	हीराकुंड का विकास	99.90	2024-25
2.	सतकोसिया का विकास	99.99	2024-25

****